# राजस्थान ने ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में राजस्थान सरकार ने ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने,**ऊर्जा पारेषण प्रणाली को मज़बूत करने और राज्य में** थर्मल एवं नवीकरणीय ऊर्जा **के उत्पादन के लिये नई परियोजनाएँ स्थापित करने हेतु 1.60 लाख करोड़ रुपए के 5 समझौता ज्ञापनों (MOU)** पर हस्ताक्षर किये।

## मुख्य बिंदु:

- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिये 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश हेतु राज्य के 3 विद्युत निगमों और 6 केंद्रीय उपक्रमों के शीर्ष अधिकारियों के बीच 6 MOU पर हस्ताक्षर किये गए हैं, जिसमें विद्युत उत्पादन की विभिन्न परियोजनाएँ शामिल हैं।
- इन समझौतों के तहत:
  - 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिये राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड **के साथ** कोल इंडिया लिमिटेड, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन **और** नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाएँगे।
  - प्रदेश में विद्युत ट्रांसमिशन सिस्टम को मज़बूत करने के लिये **राजस्थान विद्युत ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन** के बीच 10 हज़ार करोड़ रुपए के निवेश का समझौता होगा।
  - 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति के लिये**राजस्थान ऊर्जा विकास निगम और SJVN ग्रीन एनर्जी** के बीच एक विद्युत खरीद समझौते (PPA) पर भी हस्ताक्षर किये जाएँगे।
  - बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के विकास के लिये **ग्रामीण विद्युतीकरण निगम** और राज्य सरकार के बीच एक MOU होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-signs-mous-to-boost-energy-sector